शास्तियों का उपबंध होगा और उस विधान का उद्देश्य विवाहो के अवसर पर फिजूल खर्ची और उपहारो के सप्रदर्शन को रोकना भी होगा ।

(घ) प्रश्न ही नही उठता ।

Opening of coal mine in Gujarat

242 SHRI CHHITU BHAI GAMIT Will the Minister of ENERGY be pleased to state

(a) whether it is a fact that Gujarat Government has decided to open immediately a coal mine in the State in view of the acute shortage of coal in the State, and

(b) if so the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI JANESHWAR MISHRA) (a) and (b) Government of Gujarat have approached the Central Government for exploitation of small and isolated deposits of coal occuring in Guneri area of Kutch Distt and Than and Khakharathal areas of Surendranagar District

This request of the State Government is under consideration of the Central Government.

रासायनिक औषधियो की चोरबाजारी

243. श्री राम अवधेष सिंह : क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि अधिकाश रासायनिक औषधिया लागत मूल्य के 20 गुना, 10 गुना व 5 गुना मूल्य पर बेची जाती हैं,

(ख) क्या सरकार का विचार एक औषध उत्पादन लागत जाच समिति गठित करने का है जिसमें सरकारी तथा गैर-सरकारी प्रतिनिधि शामिल हो, और

(ग) क्या सरकार का विचार यह सुनिश्चत करने का है कि औषधियो का बिक्री मूल्य उनके लागत मूल्य से 50 प्रतिशत से अधिक नही होना चाहिए ।

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, नही ।

(ख) जी, नही ।

(ग) मूल्य नियत्रित बल्क औषधो के मूल्य औषध (मूल्य नियत्रण) आदेश, 1979 के पैरा (3) से (6) में दिए गये प्रावधानो के अनुसार निर्धारित किए जाएगे ।

बरौनी तेल शोधक कारखाने के निकट मोम के भंडार में आग

244 श्री युवराज : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ?

(क) क्या यह सच है कि बरौनी तेल शोधक कारखाने के निकट मोम भण्डार में आग लग जाने के परिणामस्वरूप लाखो रुपयो की मोम तथा अनेको मशीन जल [illegible] गये [illegible] और

(ख) यदि हाँ तो आग लगने का कारण क्या [illegible] उससे हुई हानि का अनुमान क्या है तथा उसके लिये उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा यदि कोई कार्रवाई नही की गई है, तो उसके क्या कारण है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) (क) और (ख) 31 मई 1979 को बरौनी शोधनशाला के बाहर [illegible] गाव में स्थित मोम भण्डार गड्ढो में आग लग गई । मोम भण्डार गड्ढे प्राइवेट पार्टियो के थे । ऐसा समझा जाता है कि स्लैक मोम से भरी एक टैंक ट्रक लारी के मोम का पिघलाने के लिये प्रत्यक्ष आग के प्रयोग से यह आग लगी । कुछ झोपडियो द्वारा आग पकडने तथा अपूर्ण जलने की सूचना मिली है । क्योंकि आग बरौनी शोधनशाला से बाहर स्थान पर लगी इसलिये बरौनी शोधनशाला के अधिकारियो को जिम्मेदार ठहराने का प्रश्न नहीं उठता ।

छावनी का अधिनियम 1934 का सशोधन

245 श्री लक्ष्मीनारायण नायक : क्या उप प्रधान मत्री तथा रक्षा मत्री मत्री यह बताने करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि छावनी अधिनियम, 1924 अब बिल्कुल पुराना हो गया है तथा क्या सरकार का विचार इसे सशोधित करने का है जिसमें इसे वर्तमान परिस्थितियो मे अधिक उपयुक्त बनाया जा सके और

(ख) क्या सरकार ने इस अधिनियम की धारा 13(3) के अन्तर्गत आठ नामकित और सात निर्वाचित सदस्यो की वर्तमान व्यवस्था के स्थान पर छ नामांकित और सात निर्वाचित सदस्यो की व्यवस्था करने के प्रश्न पर विचार किया है ?